**मास्टरमाइंड पति-पत्नी राजस्थान से कर रहे थे नकली नोट का कारोबार, नोट छापकर पूरे देश में भेजते थे कंसाइनमेंट**



**Fake Currency in Rajasthan:** राजस्थान में फेक करेंसी के कारोबार का सनसनीखेज मामला सामने आया है. राजस्थान पुलिस के आखों में सालों से धुल झोंककर नकली नोटों का कारोबार चल रहा था. इस नकली नोट का कारोबार केवल राजस्थान तक ही नहीं पूरे देश में फैला था. खास बात यह है कि इस फर्जी करेंसी के कारोबार के मास्टरमाइंड पति-पत्नी थे. जो एक गिरोह चला रहे थे. पुलिस ने झालावाड़ में इस गिरोह का पर्दाफाश किया है. पति-पत्नी  देश भर में करोड़ों रुपये की फर्जी करेंसी भेजने की साजिश रच रहे थे. पुलिस को इनके कब्जे से 12 लाख 20 हजार रुपयों की नकली नोट बरामद हुए हैं.

कुरियर के जरिए भेजे जाते थे नकली नोट के कंसाइनमेंट

जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह फर्जी नाम और पते से कुरियर सेवाओं के जरिए नकली भारतीय मुद्रा देश के अलग-अलग हिस्सों में भेजता था. कंसाइनमेंट बुकिंग में गलत जानकारी देकर ये गिरोह लंबे समय से कानून की आंखों में धूल झोंक रहा था. महिला आरोपी तक पहुंचने में पुलिस को बड़ी तकनीकी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन सीसीटीवी फुटेज और साइबर ट्रैकिंग ने उसकी पहचान कर दी.

Source: https://rajasthan.ndtv.in/rajasthan-news/mastermind-husband-and-wife-operating-counterfeit-currency-business-from-rajasthan-they-printed-the-notes-and-sent-them-across-the-country-9384198